## ब्रीफ न्यूज़

### आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**टहरौली।** जेई मोहम्मद सोहेल सिद्दिकी ने बताया कि 33/11 के वी उपकेंद्र टहरौली, एरच एवं जुझारपुरा उपकेंद्र में यार्ड की सफाई व मरम्मत कार्य के चलते आज रविवार को सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### जनपद स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन हुआ

**झांसी।** पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट से सम्बन्धित जनपद स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी झाँसी के सभा कक्ष में किया गया। बैठक में नवीन अल्ट्रासाउण्ड खोले जाने हेतु 04 पत्रावली, नवीनीकरण हेतु 01 पत्रावली, डाक्टर को सम्बद्ध/हटाने हेतु 05 पत्रावली, 05 पत्रावली अल्ट्रासाउण्ड मशीनों के इन्स्टालोन बेचने हेतु प्रस्तुत तथा 01 पत्रावली अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर का स्थान परिर्वतन हेतु प्रस्तुत की गयी। सम्बन्धित पत्रावलियों का माननीय सदस्यों द्वारा गहनता से अवलोकन किया गया। बैठक में डॉ सुधाकर पाण्डेय मुख्य चिकित्सा अधिकारी झांसी, डॉ संदीप चौधरी जिला महिला चिकित्सालय झाँसी, मृदुलकान्त श्रीवास्तव डी.जी.सी. फौजदारी झांसी, सुरेन्द्र कुमार जिला सूचना अधिकारी झांसी, नोडल अधिकारी डा.महेन्द्र कुमार, डा.नीती शास्त्री बरिष्ठ समाज सेविका, सुभ्रा कनकने समाज सेविका, ब्रजकिशोर उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों का करेंगे पालन

## के.सी. जैन स्कूल के बच्चों को दिलाई थाना प्रभारी ने शपथ




सन्दीप श्रीवास्तव ■ गुरसराय झाँसी

यातायात जनजागरूकता माह को लेकर के.सी जैन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में एक कार्यशाला का आयोजन कर यातायात निमयो के बारे में विस्तृत जानकारी छात्र छात्रायों को दी गयी । इस मौके पर थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडे ने बताया कि हम सभी को सरकार द्वारा बनाये गए नियमो का पालन करना चाहिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाकर एव चार पहिया वाहन चलाते समय सीट वेल्ट का जरूर इस्तेमाल करे वाहन को निर्धारित गति एव दिशा में चलाए वाहन को मुड़ते समय इंडिकेटर का उपयोग करे एव रास्ते मे कही वाहन खराव हो गया तो संकेतक लगाए या पार्किंग लाइट जला कर रखे जिससे दूसरे वाहन सुरक्षित रुप से निकल सके।वही सन्दीप श्रीवास्तव ने कहा कि निर्धारित उम्र होने पर ही वाहन चलाये और किसी भी दशा में नशे का सेवन करके वाहन को न चलाये वही कॉन्टेवल गोरी अग्रवाल ने भी यातायात के नियमो के बारे में उपस्थित जनों को जागरूक किया वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रवन्धक प्रकाश चन्द जैन ने कहा कि सरकार पुलिस मिलकर हम सभी को जागरूक कर रही हम सभी को वताये हुए नियमो का पालन करना चाहिए जिससे हमारा जीवन सुरक्षित रह सके अभिभावकों का भी फ़र्ज़ है कि वह कम उम्र के बच्चो को प्रतिबंधित वाहन चलाने को न दे इस दौरान थाना प्रभारी द्वारा सभी बच्चो यातायात नियमो के पालन की सपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में संचालन विद्यालय के प्रधानचार्य राजेश मसीह ने किया इस मौके पर उप प्रधानचार्य संजीव सर,जीतू सर, जितेंद्र सर,ऋषिकेश सर खुशी,आकांक्षा, अबधेश खरे, आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम सदर कोर्ट में दो पक्ष आपस में भिड़े, जमकर हुई मारपीट, वीडियो वायरल



सत्ता सुधार ■ झांसी

कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित एसडीएम सदर कोर्ट के अंदर दो पक्षों के वकील और वादी व प्रतिवादी में मारपीट हो गई। बताया जा रहा है कि एक पक्ष दूसरे पक्ष की जमीन की नकल निकलवा रहा था। इस बात पर विवाद इतना बढ़ गया कि कोर्ट के अंदर ही मारपीट होने लगी। इसी दौरान किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। अब ये वीडियो वायरल हो रहा और नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब लोग कोर्ट अंदर इतनी गुंडई कर रहे तो बाहर क्या होता होगा।

पूरे मामले में सीओ सिटी झांसी रामवीर सिंह ने बताया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो संज्ञान में आया है जिसमें दो पक्षों में मारपीट होती दिखाई दे रही है, ज्ञात करने पर पता चला है कि दोनों पक्ष आपस में सौतेले भाई हैं और उनका जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है जिसमें एक भाई वकील है, अभी किसी की भी तरफ से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर प्राप्त होने पर विविध कार्यवाही की जाएगी।

# यातायात नियमों का पालन करना अपनी आदत में करें शामिल, दूसरों को भी करें प्रेरित : डीआईजी

### जीवन है अनमोल, यातायात के नियमो का पालन कर दुर्घटना से बचें



**झांसी।** पं. दीन दयाल सभागार जनपद झाँसी में यातायात जागरूकता माह नवम्बर का समापन मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी कलानिधि नैथानी द्वारा किया गया । डीआईजी के निर्देशन में यातायात माह नवम्बर के दौरान रेंज पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वाले 27313 वाहन चालकों से लगभग 4 करोड़ 17 लाख, 28 हजार, 200 रूपये का समन शुल्क वसूला गया, जिसमें बिना हेलमेट- 8665 वाहन, बिना सीट बेल्ट-612, तीन सवारी वाहन-2355, ओवर स्पीड-6980, रेड लाइट जम्प- 2740, सीज किये गये वाहन-11, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग, बिना बीमा, रॉंग साइड, मादक पदार्थ सेवन किये हुए, ब्लैक फिल्म, स्टन्ट करते हुए, अवस्य व्यक्तियों के वाहन चलाते हुए आदि 2047 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी गयी। यातायात जागरूकता माह नवम्बर-2024 के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया कि प्रत्येक बर्ष की भांति इस वर्ष भी यातायात माह नवंबर समारोह का आयोजन कर यातायात जागरूकता माह नवम्बर-2024 के दौरान पूरे माह यातायात जागरूकता अभियान के रूप में चलाया गया जिसके तहत सभी जनपदों में आम नागरिकों, वाहन स्वामियों, हाईवे के किनारे रहने वाले लोगों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यमों से जागरूक कराया गया तथा इसके साथ ही साथ ट्रैक्टर चालकों, वाहन चालकों को भी प्रशिक्षित कराया गया, स्कूल/कॉलेजों व सांस्कृतिक गतिविधियों में यातायात नियमो की जानकारी साझा कर बच्चों/लोगों को जागरूक कराया गया। जिससे यातायात नियमों पालन करने हेतु लोगों को प्रेरित कर किसी प्रकार की अप्रिय घटना/दुर्घटना पर अंकुश लगाया जा सके। जागरूकता अभियान में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं व ट्रैफिक वार्डन टीम को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा सभी को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गयी।

डीआईजी ने नागरिकों से अपील की कि वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए यह जरूरी है। अपनी सुरक्षा के साथ दूसरों की सुरक्षा के लिए भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें। हमेशा यातायात नियमों का पालन करें तथा सावधानी एवं सजगता के साथ वाहन चलायें। जीवन की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने को अपनी आदत में शामिल करें।

यातायात जागरूकता माह-2024 के समापन अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी सुधा सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गापीनाथ सोनी, क्षेत्राधिकारी रामवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर स्नेहा तिवारी, क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार अग्रहरि, प्रभारी यातायात उमाकान्त ओझा व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण सहित जनपद के गणमान्य लोग एवं स्कूली छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।

### पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**गुरसराय (झांसी)।** श्री कल्याण बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गुरसराय में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें गौरव घोष कक्षा -11 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।तथा द्वितीय स्थान भावेश सेन कक्षा-9, तृतीय स्थान मृदुल मणि नायक कक्षा -10 ने किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसराय की डॉक्टर सुनीता गुप्ता आरबीएस केएवं अपर्णा तोमर आरबीएस केएवं स्टाफ नर्स रिम्या के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य छात्र प्रकाश दुबे ने उक्त छात्रों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र वितरित किए ।

# सरकारी मूंगफली खरीद केंद्र नहीं खुले, मजबूर किसान ने बेच डाली सस्ते दाम पर मूंगफली शासन ले संज्ञान

**गुरसरांय (झांसी)।** 30 नवंबर 2024 तक मूंगफली की सरकारी खरीद गुरसरांय मण्डी क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी प्रारंभ नहीं हुई थी इससे लग रहा है यह खरीद भी किसानों के लिए केवल धोखा साबित हो रही है। क्योंकि गरीब किसानों ने तो ओने-पोने दाम अपनी मूंगफली पहले ही वेच दी है उधर भ्रष्टाचार का अखाड़ा बना कृषक सेवा केंद्र मड़ोरी गुरसरांय जो पीसीएफ का केंद्र है जहां इस वर्ष खाद वितरण दौरान भारी अनियमितताएं उजागर हुई है जिसके चलते एक हफ्ते के भीतर तीन बार किसानों ने चक्का जाम डीएपी खाद वितरण में केंद्र संचालक द्वारा अव्यवस्था के चलते किसानों को भारी परेशानी झेलने पड़ी और इसी केंद्र को मूंगफली खरीद के लिए गुरसरांय में निर्धारित किया गया है। जिला प्रशासन व शासन के आदेश के बाद भी 30 नवंबर शनिवार तक इस मूंगफली केंद्र का उद्घाटन नहीं हो सका था जिसकी जानकारी मण्डी के एक कर्मी ने दी है जबकि कई हफ्तों पहले मूंगफली खरीद केंद्र गुरसरांय मण्डी क्षेत्र अंतर्गत सात,आठ खरीद केंद्र पर मूंगफली खरीद चालू हो जाना चाहिए था लेकिन प्रशासनिक अधिकारी से लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी समाचार लिखे जाने समय तक इस संबंध में चुप्पी साधे हुए हैं। और अब इंतजार मूंगफली खरीद के नाम पर किसानों की जगह गोरख धंधा चलने की तैयारी होने लगी है। और समाचार लिखे जाने समय तक जिले से लेकर इस संबंध विभाग का कोई भी आला अधिकारी इस संबंध में मौके से लेकर अधिकृत तौर से कागजों में मूंगफली खरीद की तैयारी क्या हुई और खरीद में इतना विलम्ब क्यों हुआ। सब गोलमाल दिख रहा है और सरकार की साफ मंशा कि किसानों को उनकी मूंगफली का वाजिब दाम मिल सके इसलिए सरकारी खरीद केंद्र खोले गए हैं पूरे गुरसरांय,गरौठा क्षेत्र में सबकी सब हवा हवाई है क्षेत्र के किसानों ने जिला प्रशासन से लेकर उत्तर प्रदेश शासन से इस संबंध में जल्द बड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### सभी अल्ट्रासाउण्ड सेंटर प्रबंधक अपने सेन्टरों पर पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट के नियमों का अनुपालन पूर्ण करें

**झांसी।** आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुधाकर पाण्डेय की अध्यक्षता में पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट से सम्बन्धित ÷जिला स्तरीय समिति÷ की बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी झाँसी के सभा कक्ष में किया गया। बैठक में नवीन अल्ट्रासाउण्ड खोले जाने हेतु 04 पत्रावली, नवीनीकरण हेतु 01 पत्रावली, डाक्टर को सम्बद्ध/हटाने हेतु 05 पत्रावली, 05 पत्रावली अल्ट्रासाउण्ड मशीनों के इन्स्टालोन बेचने हेतु प्रस्तुत तथा 01 पत्रावली अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर का स्थान परिर्वतन हेतु प्रस्तुत की गयी। सम्बन्धित पत्रावलियों का समिति के सदस्यों द्वारा गहनता से अवलोकन किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी अल्ट्रासाउण्ड सेंटर प्रबंधक अपने सेन्टरों पर पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट के नियमों का पूर्ण रूप से अनुपालन सुनिचित करें। उन्होंने कहा कि एक्ट के नियमों का उलंघन करने पर सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक अमल में लाई जायेगी। इसके उपरान्त पी0सी0पी0एन0डी0टी0 नोडल अधिकारी डा0 महेन्द्र कुमार द्वारा सभी सदस्यों को धन्यवाद देकर बैठक का समापन किया गया। बैठक में समिति सदस्य डॉ0 नीति शास्त्री ने अपना सुझाव प्रदान करते हुए कहा कि जनपद के सभी ऐसे नर्सिंग होम जहां पर पंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन किया जा रहा है वह अपने सेंटरों पर पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट एवं लिंग परीक्षण के साइन बोर्ड गुणवत्ता के आधार पर लिपिबद्ध कराना चाहिए, इसके साथ ही नर्सिंग होम की दीवारों पर भी एक्ट के नियमों का व्यवस्थित लेखन किया जाना चाहिए। बैठक में डॉ0 सुधाकर पाण्डेय मुख्य चिकित्सा अधिकारी झांसी, डॉ0 संदीप चौधरी जिला महिला चिकित्सालय झाँसी, मृदुलकान्त श्रीवास्तव डी0जी0सी0 फौजदारी झांसी, सुरेन्द्र पाल सिंह अपर जिला सूचना अधिकारी झांसी, नोडल अधिकारी डा0महेन्द्र कुमार, डा0नीती शास्त्री बरिष्ठ समाज सेविका, सुभ्रा कनकने समाज सेविका, ब्रजकिशोर उपस्थित रहे।

# समावेशी शिक्षा के तहत एक साथ पढ रहे दिव्यांग व सामान्य बच्चेः घनश्याम भारती

## दिव्यांग बच्चों के तृतीय चरण की अभिभावक काउंसिलिंग हुई संपन्न

सत्ता सुधार ■ टहरौली



टहरौली किला किला में खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार लक्ष्यकार के मार्गदर्शन में संपन्न की गई।

स्पेशल एजुकेटर घनश्याम भारती ने दिव्यांग बच्चों के सहायतार्थ सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं दिव्यांग प्रमाणपत्र बनवाना, आवश्यक उपकरण,लार्ज प्रिंट बुक, ब्रेल बुक,लो विजन किट, स्टापण्ड, एस्कार्ट अलाउंस,होम बेस्ड एजुकेशन आदि के बारे में अभिभावकों को विस्तार से जानकारियां देकर बताया कि समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत अब दिव्यांग एवं सामान्य बच्चे एक साथ पढाई कर रहे हैं, श्रवण बाधित बच्चों को सांकेतिक भाषा तथा दृष्टि बाधित बच्चों को ब्रेल लिपि स्पेशल एजुकेटर एवं नोडल टीचर के सहयोग से पढाया जाता है। स्पेशल एजुकेटर सतीश सिंह ने दिव्यांग बच्चों के शिक्षण, प्रशिक्षण एवं दैनिक जीवन कौशल के विषय में अभिभावकों को विस्तार से समझाया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार लक्ष्यकार ने समावेशी शिक्षा के महत्व एवं उसकी उपयोगिता को बताते हुए उपस्थित जनों से अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने का आग्रह किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लेखाकार सुनील नगाइच, प्रधानाध्यपिका अंजली तिवारी, सहायक अध्यापक शिवराज खरे सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# शादी से इंकार करने पर नाबालिग को अगवा कर किया बलात्कार, आरोप सिद्ध होने पर सात साल की जेल

**झांसी।** नाबालिग से शादी का संबंध तय न करने पर उसका अपहरण कर बंधक बनाकर बलात्कार की घटना को अंजाम देने का आरोप सिद्ध होने पर न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायधीश पोस्को एक्ट मोहम्मद नेयाज अहमद अंसारी की अदालत ने सात वर्ष का कारावास ओर दस हजार रुपए अर्थदंड अदा करने का फैसला सुनाया है।अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे विशेष शासकीय अधिवक्ता विजय सिंह कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम मैरी निवासी महिला ने 12 जुलाई 2016 को थाना नवाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी 16वर्षीय नतिनी का विवाह संबंध मध्यप्रदेश के जिला शिवपुरी सीलरा करैरा निवासी अर्जुन उर्फ बल्लू जाटव से तय होना था। लेकिन घर परिवार ठीक न होने पर शादी संबंध से मना कर दिया। इससे गुस्साए अर्जुन उर्फ बबलू उसकी नाबालिग भतीजी का अपहरण कर ले गया और अपनी बहन के घर बंधक बनाकर उसकी बिना मर्जी के बलात्कार किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर नाबालिग को बरामद करते हुए आरोपी को जेल भेज कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया था। करीब सात वर्ष चले इस मुकदमे के दौरान गवाह और शासकीय अधिवक्ता की ठोस पैरवी के चलते आरोप सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को आज सात वर्ष का कारावास ओर दस हजार रुपए अर्थदंड अदा करने का फैसला सुनाया है।

# जेडीए की कार्यवाही पर उठाया सवाल, प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन, कहा आराजी संख्या कही की ओर सील कर दिया विवाह घर

**झांसी।** करीब एक वर्ष से नियम विरुद्ध संचालन करने के आरोप में सील लगाकर बंद पड़े विवाह घर के संचालक ने आज उत्तर प्रदेश की प्रभारी मंत्री को ज्ञापन देकर जेडीए की कार्यवाही पर सवाल उठाते हुए विवाह घर पर लगी सील को खुलवाने की मांग की। डेढ़ सौ से अधिक पेजों की बनी जांच रिपोर्ट का पुलिंदा राज्यमंत्री ने पीड़ित से लेते हुए जिलाधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए है। सीपरी बाजार के नंदन पुरा शिवपाल सिंह आदि ने आज सर्किट हाउस में प्रभारी मंत्री को जांच रिपोर्टों का पुलिंदा सौंपते हुए कहा कि जेडीए ने करीब एक वर्ष पूर्व उनका विवाह घर विपक्षियों के द्वारा दिए गए शिकायती पत्र पर सील कर दिया था। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि जिन विपक्षियों ने शिकायत की थी उसमें उन्होंने आराजी संख्या 718/2 बताते हुए कहा था कि विवाह घर उनकी जमीन में चल रहा ओर जेडीए ने उसी शिकायती पत्र पर बिना जांच किए उसे सील कर दिया। पीड़ित ने बताया कि जबकि उनका विवाह घर नारायण गार्डन नंदन पुरा में आराजी संख्या 721/2, 647/1,719,720/3, एवं 646 में निर्मित है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में वह लगातार प्रशानिक अधिकारियों के यहां जाकर सभी जगह से जांच कराई ओर सभी विभागों की डेढ़ सौ पेजों की जांच रिपोर्ट देने के बाद भी जेडीए उनके नारायण गार्डन विवाह घर की सील नहीं खोल रहा। उन्होंने कहा कि एक वर्ष में लाखों का नुकसान हो गया ओर परिवार ओर उनके कार्य करने वाले मजदूर भुखमरी की कगार पर आ गए। प्रभारी मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेकर जिलाधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए है।

# कटरा एक्सप्रेस से महिला यात्री का पर्स झपटकर भागा बदमाश

### जीआरपी पुलिस ने मौखिक रिपोर्ट पर दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** जीआरपी थानान्तर्गत ललितपुर स्टेशन के आसपास आपराधिक किस्म के व्यक्तियों और अवैध बैण्डरों की बढ़ती चहल-कदमी से ट्रेनों में यात्रा करने वाले लोग अब सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे हैं। कटरा एक्सप्रेस में सफर कर रही महिला यात्री का ललितपुर रेलवे स्टेशन के आउटर पर एक युवक ने अचानक झपट्टा मारकर बैग छीन लिया और धीमी गति से चल रही ट्रेन से उतरकर भाग निकला। प्रकरण की सूचना महिला यात्री ने जीआरपी थाने में दर्ज करायी है। महानगर आगरा के थाना सिकन्दरा अंतर्गत 131 विशाल कुंज बोदला निवासी संगीता चौहान पत्नी देवेन्द्र सिंह चौहान ने जीआरपी थाने में मौखिक रिपोर्ट में बताया कि वह 15 नवम्बर को रेलवे स्टेशन आगरा कैण्ट से ट्रेन संख्या 09322 डा.अम्बेड़कर नगर स्पेशल के कोच नं. एस-9 की सीट संख्या 09, 10 व 11 पर उज्जैन के लिए अपने परिजनों के साथ यात्रा कर रही रही थी। संगीता चौहान ने बताया कि उसने अपना ब्राउन कलर का लेडीज पर्स हाथ में पकड़ रखा था। संगीता चौहान ने बताया कि रात करीब 3 से 3.10 बजे के मध्य ललितपुर रेलवे स्टेशन आने के पूर्व एक व्यक्ति जो कि करीब 30-32 वर्ष का दुबला-पतला सफेद रंग के कपड़े पहने हुये था, ने अचानक झपट्टा मारकर उसके हाथ से बैग झपटकर धीमी चल रही ट्रेन से उतर गया। उस समय ललितपुर स्टेशन आने वाला था। गाड़ी उस समय आउटर पर धीमी गति से चल रही थी। संगीता के अनुसार उसके पर्स में उसका आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, वोटर आईडी कार्ड, ई-श्रम कार्ड व दो मोबाइल फोन के अलावा 10 हजार रुपये नकद थे। उन्होंने तत्समय घटना की सूचना 139 नम्बर पर सूचना करके पुलिस को दी थी। जीआरपी पुलिस ने संगीता सिंह चौहान की मौखिक रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### हदबंदी शुदा आराजी पर जबरन कब्जा कर चबूतरा निर्माण का आरोप

#### पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला महावीरपुरा निवासी आनंद कुमार पुत्र बाबूलाल जैन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ग्राम सिलगन में उसकी आराजी संख्या 1041 व 1044 जिसकी उसने दो बार राजस्व टीम एवं पुलिस बल की मौजूदगी में फील्डबुक के अनुसार पत्थर गड्डी द्वारा चिह्नित करवा चुका है, जिसके सारे प्रमाण व साक्ष्य भी उसके पास हैं। बताया कि गांव के रमेश, सौरभ व सुरजीत कुशवाहा अपने घर की महिलाओं के साथ मिलकर उसकी हदबंदी शुदा पुष्ट आराजी पर जबरन कब्जा कर उउस आराजी में अस्थाई चबूतरा का निर्माण कर दिया है। बताया कि उचित कार्यवाही न होने से उक्त लोगों के हौंसले बुलंद हैं।

यह भी आरोप है कि उक्त लोगों को गांव के दबंग लोगों का संरक्षण प्राप्त है। बताया कि 26 नवम्बर को जब वह अपने आराजी पर गया तो वहां उसने जबरन कब्जा देखा। तभी उसके पहुंचने पर गांव के सौरभ सुरजीत व रमेश महिलाओं के साथ हाथ में लाठी, हंसिया, कुल्हाड़ी लेकर आये और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 329 (3), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# गांधी न्यास भोपाल द्वारा स्वतंत्रता सेनानी परिजनों में झाँसी से गिरजाशंकर राय हुए सम्मानित

सत्ता सुधार ■ झांसी




संविधान दिवस पर स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन, भोपाल द्वारा एक दो-दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन संयोजित हुआ जिसमें विभिन्न प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डॉ जया शुक्ला द्वारा झंडोत्तोलन के बाद पूर्वाह्न में अजय सीतलानी की अध्यक्षता एवं अशोक कुमार सिंधु महामंत्री ने संचालन किया।

सम्मेलन में सभी वक्ताओं ने हमारे संविधान तथा लोकतंत्र, जो हमारे आज़ाद देश की आत्मा हैं, पर लगातार हो रहे हमलों पर गहरी चिन्ता व्यक्त कर विचार साँझा कर चिंता जताई । भारतीय संविधान के निर्माण समिति सदस्यों /अध्यक्ष के जीवन के संघर्षो पर प्रकाश डालते हुये मानव समाज के अंतिम व्यक्ति तक आधिकारिक न्याय पहुंचने पर ही हम देश की सच्ची आजादी की अभिव्यक्ति होंगी। इन उत्तराधिकारियों की अन्तरात्मा इनके बलिदानी पूर्वजों के संस्कारों से परिपूर्ण है। देशकी वर्तमान हर प्रकार की दुर्दशा देखते हुये संगठन ने नौ प्रकार के अहम बिन्दुओं को लेकर भविष्यके कार्यक्रम तय किये, तथा संविधान और लोकतंत्र की आज़ादी की हर कीमत पर, पूर्ण समर्पण के साथ, रक्षा करनेकी प्रतिज्ञा की। अपराह्न में सभी जुलूस के रूप में पुरानी विधानसभा से जवाहर चौक तक संबंधित मुद्दोंके पैम्फ़लेट बाँटते हुये गये, जहाँ पुनः प्रदर्शन हुआ। वहाँ से रोशनपुरा बाज़ार के सामने प्रदर्शन में जनता ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। सभी ने संविधान के 1949 में अधिनियमित व अधिगृहीत किये जाने को पुनः संविधान का पाठ्यन उच्चारित किया।

सम्मेलन के दूसरे दिन अंतिम सत्र में विभिन्न प्रांतो से आये स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारियों को मुख्य अतिथि दयाराम नामदेव सचिव गाँधी न्यास भोपाल के द्वारा श्रीफल भेंट उपरांत शॉल ओढ़ाकर सम्मानपत्र भेंट कर सम्मानित किया 7 सम्मानित किये जाने वालों में उत्तर प्रदेश के कानपुर से हरिराम गुप्त, बुंदेलखंड के , बाँदा से डॉ संजय द्विवेदी, अजय द्विवेदी, झाँसी से गिरजा शंकर राय, प्रताप सिंह बुंदेला, कानपुर से रामकुमार स्वतंत्र जोगिंदर सिंह बाजबा, उत्तराखंड देहरादून से जया शुक्ला, बिहार सासाराम से नित्यानंद शर्मा, रीवा से शरद दुबे, गोबिंद सिंह चंद्रवंशी ,राकेश चौरसिया, अनिल भारतीय ग्वालियर आदि को अजय नारायण शीतलानी प्रदेशध्यक्ष, बी के चौगले कार्यवाहक़ अध्यक्ष अशोक सिंधु प्रदेश महामंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

## मुकदमे से नाम निकालने को घूस लेता दरोगा धरा गया, गिरफ्तार

बरेली। मुकदमे से नाम निकलने के लिए 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते एक दरोगा को एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली की टीम ने दरोगा महेश चंद्र के खिलाफ थाना भमौरा में प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। दरोगा महेश चन्द्र जनपद बिजनौर जिले में थाना नगीना क्षेत्र के किशनपुर गांव का निवासी है और इस समय बरेली के अलीगंज थाने में उप निरीक्षक पद पर तैनात है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली के पुलिस उपाधीक्षक यश पाल सिंह ने बताया कि ट्रैप टीम प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह ने टीम के सदस्यों के साथ अभियुक्त महेश चन्द्र दरोगा को रिश्वत के रूप में 15,000 रुपये लेते अलीगंज में ही जामा मस्जिद मुख्य द्वार के दूसरी तरफ सड़क पर पकड़ा। उन्होंने बताया कि कैलाश पाठक पुत्र स्व. सियाराम पाठक निवासी ग्राम इस्माइलपुर, थाना विशारतगंज, बरेली की शिकायत पर यह कार्यवाही हुई। कैलाश पाठक विरुद्ध थाना अलीगंज जनपद बरेली पर पंजीकृत धारा 109/191(2)/115(2)/333 बीएनएस में से धारा 109 को हटाये जाने एवं मुकदमे का निस्तारण करने के एवज में अभियुक्त महेश चन्द्र (उप निरीक्षक) ने 15,000 की रिश्वत मांगी थी। टीम ने जाल बिछाकर महेश चंद्र को रंगे हाथ पकड़ा।

## सिरसागंज में तमंचा दिखाकर ज्वेलर्स से की 50000 की लूट वारदात सीसीटीवी में कैद

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज क्षेत्र से जँहा शुक्रवार शाम को मुंह ढककर आए बदमाश अचानक एक सराफा व्यापारी की दुकान में घुस गए और अंदर से शटर बंद कर लिया। इसके बाद हथियारों के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित के अनुसार बदमाश उसके यहां से 50 हजार रुपये लूट ले गए। सिरसागंज में मुख्य रोड निवासी राकेश जैन की आरके ज्वैलर्स के नाम से सराफा की दुकान है। दुकान के ऊपर ही उनका मकान है। शुक्रवार देर शाम वह दुकान पर अकेले थे, तभी एक बदमाश अपना चेहरा शॉल से ढककर आया। पीड़ित के अनुसार दुकान के अंदर आते ही बदमाश ने दुकान का शटर बंद कर लिया और राकेश के पास थैला फेंककर उस पर तमंचा तान दिया। बदमाश ने राकेश को धमकी दी कि गल्ला का पूरा कैश थैले में भर दे नहीं तो गोली मार देगा।राकेश ने तिजोरी में रखे 50 हजार रुपये बदमाश के थैले में रख दिए और बदमाश शटर खोलकर अपनी बाइक से फरार हो गया। घटना की जानकारी होते ही घटनास्थल पर व्यापरियों की भीड़ जमा हो गई। वहीं सूचना मिलने पर थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई और मामले की छानबीन शुरू कर दी। थाना प्रभारी वैभव कुमार सिंह ने बताया कि मौके पर सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी में कैद हो गई लूट की पूरी वारदात सिरसागंज की मुख्य रोड पर आरके ज्वैलर्स के नाम से दुकान करने वाले राकेश जैन की दुकान पर तमंचा दिखाकर बदमाश ने 50 हजार की लूट की वारदात को अंजाम दिया। लेकिन दुकान में अंदर सीसीटीवी कैमरा लगा होने के कारण लूट की पूरी वारदात उसमें कैद हो गई। अब पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की मदद से मामले की जांच में जुट गई है

## लगातार जारी मतदाता जागरूकता अभियान, जोड़े जा रहे नए मतदाता

फिरोजाबाद : जहां मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए गुरुवार को कृषक इंटर कॉलेज में पचोखरा में विशेष शिविर लगाया गया जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक धीरें कुमार बीएसए आशीष कुमार पांडे के निर्देशन पर गुरुवार को विधानसभा निर्वाचन नामा वलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है ईस सहायक नो अधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि गुरुवार को अंतिम दिन मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए डिग्री कॉलेज इंटर कॉलेज में विशेष अभियान चलाकर नाम जोड़ने जाएंगे वहीं इस पूरे प्रकरण पर क्या कुछ कहना था नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा का आप स्वयम सुनिए हमारे संवाददाता विवेक शर्मा व विजय भारती की इस खास रिपोर्ट में निर्वाचन साक्षरता क्लब के तहत आज रला तहसील के अंतर्गत कृषक इंटर कॉलेज में एक कैंप लगाया गया आज मतदाता सूची में नाम लवाने का अंतिम मौका था जो कि आज पू तहसील के अंतर्गत यहां लगाया गया कैंप इस विद्यालय में आसपास के जो भी कॉलेज थे वहां के जो छात्र छात्राएं 18 से 19 वर्ष की आयु के जो विद्यार्थी थे वो सभी आए यहां पर मतदाता स में नाम जोड़ने का कार्यक्रम किया गया इस तरह के कार्यक्रम प्रत्येक जनपद की तहसील में किए गए हैं विद्यालयों में कैंप लगाए गए हैं यह सभी कार्यक्रम एडीएम सर विशु राजा सर डी सर त कुमार सर के निर्देशन में कराए जा रहे हैं इन सभी का एक ही उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों के जो 18 वर्ष की आयु के युवा है उनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जा सके आज यहां कॉलेज के प्रधानाचार्य रंगेश उपाध्याय जी हमारे साथ रहे और लजी क्लब के सदस्य कन्हैया गोस्वामी मैं लजी सायक न अधिकारी हिमांशु शर्मा हम लोगों के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## पटाखा बनाते समय बारूद में विस्फोट, युवक की मौत

सिरसागंज। सिरसागंज क्षेत्र में देसी पटाखा बनाते हुए बारूद में तेज आवाज के साथ विस्फोट हो गया। इससे पटाखा बना रहे युवक के पैर के चीथड़े उड़ गए। जानकारी पर परिजन मौके पर आ गए और गंभीर रूप से घायल युवक को शिकोहाबाद के संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया है। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। थाना सिरसागंज के गांव धातरी में देसी पटाखे बनाते समय एक 30 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल गया। आनन-फानन में घायल के परिजन उसे उपचार के लिए शिकोहाबाद संयुक्त अस्पताल ले गए। सूचना मिलने पर एसडीएम सिरसागंज रंजीत सिंह, सीओ सिरसागंज विनीत कुमार और थाना प्रभारी वैभव कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। साथ ही सूचना पाकर फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गई। इस हादसे में इलियास उर्फ बबलू गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया गया कि पटाखा फैक्टरी जहाना बेगम निवासी गांव धातरी के नाम से पंजीकृत है। थाना प्रभारी वैभव कुमार सिंह ने बताया कि धातरी पर देसी पटाखे की फैक्टरी है। जहां पर इलियास उर्फ बबलू पटाखा बनाते समय झुलस गया, जिससे वह घायल हो गया। घायल को उसके परिजन इलाज के लिए अस्पताल ले गए। मामले की जांच की जा रही है।

# अपर जिलाधिकारी न्यायिक संगीता गौतम की अध्यक्षता में नारकोटिक्स टास्क फोर्स की बैठक

फिरोजाबाद : कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित की गई, इस बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारियों के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ग्रामीण ने भी बैठक में प्रतिभाग किया, अपर जिलाधिकारी ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ग्रामीण से कहा कि नशीले पदार्थों की बिक्री व तस्करी में संलिप्त लोगों की सूची बनाकर प्रवर्तन टीम गठित की जाए, जिससे इन पर कठोर से कठोर कार्यवाही की जा सके, सोशल मीडिया पर नशे के दुष्प्रभावों को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे जन सामान्य में इसके प्रति जागरूकता पैदा हा सके, वहीं उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी और औषधि निरीक्षक से कहा कि छापेमार कार्यवाही कर समस्त मेडिकल दुकानों में नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों पर कठोर कार्यवाही करें।

बैठक के दौरान उन्होंने मनोरंजन कर अधिकारी एवं डिप्टी कमिश्नर जीएसटी को निर्देशित किया की समस्त सिनेमाघरों



में एन0सी0ओ0आर0डी0 संबंधित नशीले दवाओं एवं पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता हेतु वीडियो क्लिप्स निरंतर चलाए जाएं, उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि जनपद के स्कूलों व कॉलेजों में नशा मुक्ति संबंधित गोष्ठियां, निबंध प्रतियोगिताएं एवं अन्य शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करें, जिला सूचना अधिकारी से कहा कि नशीले पदार्थो व नशीले दवाओं से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार समाचार पत्रों के माध्यम से करना सुनिश्चित करें, वहीं समस्त उपजिलाधिकारियों को अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया की समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों के माध्यम से मलिन बस्तियों में रैलियां आयोजित कर नशा मुक्ति अभियान चलाएं साथ ही साथ इस बात को भी सुनिश्चित करें कि जनपद के विद्यालयों में 100 मीटर के दायरे में आने वाले तंबाकू सिगरेट व अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पूर्णत: प्रतिबंधित हो। बैठक के दौरान जिला आबकारी अधिकारी व सम्बन्धित विभागों से जिला स्तरीय अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# नगर पालिका ठेका सफाई कर्मचारियों की मांगे मानने पर दूसरे दिन धरना समाप्त

शिकोहाबाद : नगरपालिका शिकोहाबाद के ठेका सफाई कर्मचारी एरियर बोनस और वेतन वृद्धि को लेकर नगरपालिका में इकट्ठे हुए जुलूस निकालते हुए वाटर बक्स पहुंचे थे पहले दिन सफाई कर्मचारियों का धरना जारी रहा मांगे नहीं माने जाने पर दूसरे दिन भी धरना जारी रहा लेकिन दोनों पक्षों की सहमति पर आज धरना दूसरे दिन समाप्त हो आपको बता दें कि शिकोहाबाद नगरपालिका ने एक साल के लिए 170 अस्थाई ठेका कर्मचारियों को सफाई कार्य के लिए रखा था और उनको भुगतान के रूप में 8500 मिल रहे थे लेकिन सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो रहा था इसलिए पालिका प्रशासन ने 42 सफाई कर्मचारियों का हटाने का फैसला लिया जैसे ही यह बात सफाई कर्मियों को पता चली वैसे ही हंगामा खड़ा हो गया फिर क्या था सभी एकजुट होकर धन्ने पर बैठ गए जब पहले दिन बात नहीं बनी तो दूसरे दिन भी धन्ना जारी रहा एक दिनेश एसआई है और कुलदीप रियल दे सरकार से सासन से आए हैं और कु जो दिनेश है डीजल चोरी में सभासदों ने पकड़ा दो दिन धन्ना भी दिया उसके बाद भी उसी को चार दे दिया दिनेश को और दिनेश नोकल का दबंग सभा का नेता है तो उस लोगों प हम लोगों प दबंगई दिखाता है और ब या डीजल चोरी में भी तुम्हें पता होगा कितना मैटर हुआ था तो भी उसका कुछ नहीं हुआ हमारे कर्मचारियों के नाम में मुकदमा लिखता है मेरे तीन महीने का वेतन ता में मांगने गया तो 13 15 महीने बाद ऑफिस में झगड़ा हुआ गाली गलौज गाली गलौज के बाद मेरे खिलाफ मुकदमा हुगा मेरा ही पैसा मुझसे मेरे ही नाम मुकदमा तो ये कहां की नीति है लेकिन दोपहर के करीब थाना प्रभारी शिकोहाबाद वाटर पक्स पहुंचे उन्होंने सफाई कर्मचारियों को मनाने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी थोड़ी देर बाद चेयरमैन रानी गुप्ता के पति राजीव मौके पर पहुंचे मेरा नाम आ देवी है समस्या क्या समस्या यह आ रही है ठेके वालो को बोल रहे है दो महीने के लिए

बिठाया जाए हम लोगों की मांग है हमारा एरियल बोनस समिता वालो का परमेंट वालों का दिया नहीं गया है उसके लिए हमने उनको दो तीन बार ज्ञापन दिया है कोई सुनाई नहीं हुई है उसकी अब उसके लिए समस्या यह है ठेके वालो को दो महीने के लिए बैठा रहे इनके पास कोई गारंटी है कि इसके बाद में आप ले लोगे उनको दोबारा से लेंगे फिर उनको 20 20 30 30 50 हजार रप दो तब दोबारा से कार्य पर लिया जाएगा दो महीने के बिठा कर के जब सा इन लोगों का पेमेंट करा जाएगा तो हम तो समाज के साथ है अपने समाज को छोड़ के हम आगे कैसे बढ़ जाएंगे जब ठेका सफाई कर्मचारियों से बात की गई तो उनकी पहली मांग थी कि इस समय 170 कर्मचारी कार्यरत है उन सभी को काम पर ले लिया जाए और जो दूसरी मांग थी कि वर्तमान में 8500 का भुगतान हो रहा है उसे बढ़ाकर 12400 कर दिया जाए और तीसरी मांग थी कि चेयरमैन मुमताज बेगम के समय का जो एरियर बोनस बकाया है उसे दिया [संगीत] जाए अपने हिसाब से बता दो हम अपने हिसाब से बता एक मिनट रुको भाई अपने हिसाब से हम आपको बता रहे हैं हाथ जोड़ के हमारी पहली और रहेंगे और जो हमारी मांग पत्र के पास पाच बार उस याना हो हमारी मांग पूरी करलो हमारी आप कोई लई नहीं चेयरमैन प्रतिनिधि के तौर पर धरना स्थल पर पहुंचे राजीव गुप्ता ने कहा कि हम आपकी सभी मांगे मानने को तैयार है लेकिन 170 सफाई कर्मचारियों में से जो सफाई कर्मचारी हैं और वह कम पर भी नहीं आते उनको हटा दिया जाएगा और आज से 8500 की जगह 12400 प्रति माह भुगतान किया जाएगा इस पर दोनों पक्ष सहमत हो गए और आज धरना समाप्त हो गया पैसे बात नहीं है फंड की बात नहीं है इस्की बात कर रहा की बात कर रहा मैं तुम्हारी इस्की बात कर रहा हूं ये जो जी तुम्हारा 400 हम दे रहे हैं हमको मना कर रहे हैं 100 35 लोग रे बैठ रहे हैं

## बेटी को मार खुद मरने वाले चंद्र प्रकाश की दास्तां ने हर किसी को रुला दिया

आगरा। एत्माउद्दौला थाना क्षेत्र के कटरा वजीर खां में चंद्र प्रकाश के आत्मघाती कदम से पहले तो हर कोई स्तब्ध था, लेकिन बेटी को मारकर खुद अपनी जान देने वाले इस अभागे बाप की दास्तां जिसने भी सुनी, उसका दिल भर आया। यह सोचकर ही सिहरन सी होती है कि बेटी पर जान न्यौछावर करने वाले पिता के मन मष्तिष्क में बेटी को जहर देकर मारने के लिए कितना द्वंद्व चला होगा।कटरा वजीर खां के जूता कारीगर चंद्र प्रकाश ने अपनी 14 साल की बेटी की जहर देकर जान ली और फिर खुद ने भी गले में फंदा डालकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली थी। अब चंद्र प्रकाश के परिवार में कोई नहीं बचा है क्योंकि उसकी पत्नी रेखा की पहले ही मौत हो चुकी थी। चंद्र प्रकाश और रेखा के जीवन में 14 साल पहले तब खुशियां आई थीं जब उनके यहां बेटी का जन्म हुआ। खुशी नाम दिया था इस दंपति ने अपनी बेटी को। जन्म के कुछ समय बाद पता चला कि बेटी पैरों से चल नहीं पाएगी। चंद्रप्रकाश और रेखा ने बच्ची का अपने से ज्यादा ध्यान रखा। दोनों बेटी पर जान छिड़कते थे। चार साल पहले चंद्र प्रकाश के जीवन में उस समय तूफान आ गया जब उसकी पत्नी रेखा की मौत हो गई। चंद्र प्रकाश टूटा तो सही, लेकिन बेटी की जिम्मेदारी में कोई कमी नहीं छोड़ी। खुशी के ननिहाल पक्ष ने उसे अपने घर पर रखने का प्रस्ताव दिया, लेकिन चंद्र प्रकाश बेटी को लेकर इतना संजीदा था कि उसने उसे ननिहाल भी नहीं भेजा। जूता कारीगरी कर चंद्र प्रकाश का जीवन जैसे-तैसे कट रहा था, लेकिन कुछ माह पहले जब उसकी नौकरी चली गई तो वह आर्थिक तंगी से घिर गया। जिस बेटी को खुशी नाम दिया था, उसी को खुशियां नहीं दे पा रहा था। चंद्र प्रकाश के भाई इंद्रजीत को भतीजी खुशी से पता चला था कि पिता बहुत अवसाद में रहते हैं तो भाई का परिवार भी पिता-बेटी का ध्यान रखने लगा था। भाई इंद्रजीत कल सुबह जब चाय लेकर चंद्र प्रकाश के कमरे में पहुंचे तो वहां पहले भतीजी और फिर भाई की डेड बाडी दिखी। माना जा रहा है कि चंद्र प्रकाश को बेटी की दिव्यांगता को लेकर चिंता थी और वह इस बात से परेशान था कि उसके बाद बेटी का क्या होगा। शायद इसीलिए दिल पर पत्थर रखकर जान से ज्यादा प्यारी बेटी को जहर दिया और बाद में खुद ने फांसी लगाकर जान दे दी।

### आगरा फतेहाबाद में विशाल दंगल कुश्ती प्रतियोगिता मंडी समिति के पास हजारों की संख्या में लोग मौजूद

आगरा : प्रदेश पार पहलवानी का बहुत बड़ा शौक है मैंने सुना है जंगल में आए ने जो कुश्ती चल रही है उसम बराबर में कोई नाम नहीं है भैया नेताजी का बहुत बहुत स्वागत धन्यवाद करता हूं सभी जनता से अनुरोध करता हूं ताली बजा कर इनका स्वागत करें धन्यवाद पहलवान जी पहलवान जी ऊपर आए पहला सिह पहलवान पहला सिह शश करें आओ ऊपर आओ एक मुन्ना लाल जी का पत्रकार मुन्ना लाल जी का स्वागत करो करो अरे करो यार सबका वहां करवा मुन्नालाल का रो पत्रकार मलाल जी।

## प्रधानाध्यापक और शिक्षिका निलंबित, तीन अन्य शिक्षकों की रोकी वेतन वृद्धि

फिरोजाबाद। नारखी के प्राथमिक स्कूल मोहम्मदी के शौचालय में कक्षा एक का छात्र कई घंटे बंद रहने के मामले में बीएसए ने सख्ती दिखाई है। शिक्षकों की लापरवाही पर बीएसए ने प्रधानाध्यापक, कक्षा एक में तैनात शिक्षिका को निलंबित कर दिया है। वहीं, तीन अन्य शिक्षकों की अस्थाई वेतन वृद्धि रोक दी है। वहीं शिक्षामित्र को चेतावनी दी गई है।गांव कंचनपुर टूला निवासी अवनीश कुमार का छह वर्षीय बेटा अंश प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदी स्कूल में कक्षा एक में अध्ययनरत है। बीते सोमवार को दोपहर तीन बजे छुट्टी होने के बाद प्रधानाध्यापक सहित अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं और शिक्षामित्र अपने घर चले गए थे। इस दौरान अंश स्कूल परिसर में बने शौचालय में बंद रह गया था। पिता के खोजबीन करने के बाद शाम 5:30 बजे उसे शौचालय से निकाला गया था। ग्रामीणों ने शिक्षकों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर हंगामा किया था।

## वुगैनविलिया वाटिका और मियावाकी प्लांटेशन से शाहजहां पार्क की खूबसूरती में लगे चार चांद

आगरा। हॉर्टिकल्चर क्लब ने शहर की खूबसूरती में चार चांद लगाने वाला काम किया है। क्लब की ओर से शाहजहां पार्क में मियावाकी प्लांटेशन के साथ ही वुगैनविलिया वाटिका को आकार दिया गया है। यह सुंदर स्थान आगरा को बुगैनविलिया की राजधानी बनाने की दिशा में एक कदम भी माना जा रहा है। कमिश्नर ऋतु माहेश्वरी ने इस वाटिका का उदघाटन किया। हार्टीकल्चर क्लब की ओर से शाहजहां पार्क के मियावाकी प्लांटेशन में 36 स्थानीय प्रजातियों के 584 पेड़ लगाए गए हैं, जिनमें से एक दर्जन से अधिक प्रजातियां ‘लार्वल होस्ट प्लांट्स’ हैं जो 12 प्रकार की तितलियों को समर्थन प्रदान करते हैं। यह पहल शहर की जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है। बुगैनविलिया वाटिका में 51 विदेशी किस्मों के पौधे लगाए गए हैं। हॉर्टिकल्चर क्लब की अध्यक्ष श्रीमती लवली कथूरिया ने कमिश्नर रितु महेश्वरी का स्वागत किया और दोनों परियोजनाओं, मियावाकी प्लांटेशन और बुगैनविलिया वाटिका की टीम को बधाई दी। श्रीमती कथूरिया ने टीम के अथक प्रयासों की सराहना की और कहा कि उन्होंने आगरा को हरित और सुंदर बनाने के लिए अपने समर्पण को उजागर किया है। पर्यावरणविद डॉ. मुकुल पंड्या ने इन दोनों परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी दूरदर्शिता, मेहनत और समर्पण ने इन परियोजनाओं को एक नए स्तर पर पहुंचाया है। मियावाकी प्लांटेशन और वुगैनविलिया के उद्घाटन के अवसर पर डॉ. रंजना बंसल, कुलदीप गुजराल, श्रीमती डेजी गुजराल, रेनू भगत सहित शहर के अन्य प्रमुख व्यक्ति मौजूद थे। डॉ. मुकुल पंड्या ने वुगैनविलिया की विभिन्न किस्मों के बारे में जानकारी साझा की।उद्यान विभाग के उप-निदेशक डॉ.धर्मपाल यादव के सहयोग को सभी ने सराहा। हॉर्टिकल्चर क्लब ने विश्वास जताया कि उद्यान विभाग इन हरित स्थानों की देखभाल और रखरखाव करता रहेगा, जिससे आगरा शहर और भी हरित और सुंदर बन सके।

## विकास खंड नारखी में हैं बड़ा गोलमाल

फिरोजाबाद : केंद्र में भारतीय जनता पाटी की सरकार है प्रदेश के मुखिया की सरकार में जीरो टॉलरेंस की नीति सबसे आगे चल रही है उसी के परिपेक्ष में जनपद फिरोजाबाद के विकास खंड नार की के अंतर्गत ग्राम सभा गौज में एक बड़ा घोटाला सामने आया है जिसमें विकास कार्य के लिए लाखों रुपए निकाल लिए गए हैं और जमीनी स्तर पर वहां पर कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है इसी को लेकर स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया है साथ ही साथ उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया भी है विकास खंड नानकी की ग्राम पंचायत गोज में विकास करने के लिए सीमेंट की बेंच नौनिहालों के पढ़ने के लिए लाइब्रेरी साथ ही नौनिहालों के खेलने के लिए झूले की व्यवस्था के लाखों रुपए का आहरण कर लिया गया है लेकिन जब हमारी टीम जमीन पर स्तर पर हकीकत जाने के लिए निकली त वहां पर कुछ भी मौजूद नहीं था जिससे स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि विकास कार्यों में बड़ी धांधली की गई है पंचायत में क्या क्या अमिता है जो विकास कार्य हो रहे हैं उनका जमीन पर कुछ मिल नहीं रहा है और उनका पैसे का आहरण हो रहा है क्या कुछ कहना है आप बताइए यहां पस गस में तो कुछ भी कोई ऐसी सुविधा नहीं है ना ही कोई जनता को सशन नहीं है प्रधान कर रहा है क्या कर रहा है हम कहते हैं सुनता ही नहीं है कुछ भी आपके ग्राम पंचायतो सीमेंट की ब्रंच ल है क्या मेरी जानकारी में तो नहीं जनपद फिरोजाबाद फिरोजाबाद में विकासखंड नार की बताते हैं विकासखंड नार की में आजकल नरेगा मनरेगा और वित्त के जितने भी कार्य हो रहे हैं सब घोटालो की भट चढ़ रहे हैं इसी के परपे में आज हमारी टीम ग्राउंड जीरो पर रिपोर्ट करने के लिए यहां पर मौजूद है तो इसमें हमने तीन बिंदुओं पर की जो प की है उसमें सबसे पहले देखने को मिला है कि यहां पर जो एक अंबेडकर पार्क है अंबेडकर पार्क में यहां पर सीमेंट की बेंच और यहां पर एक लाइब्रेरी और बच्चों के खेलने के लिए झूलों की व्यवस्था करने के लिए पैसे का आहरण कर लिया गया है

# प्रदेश में पाली हाऊस में सब्जियों एवं फूलों की हो रही है खेती

सत्ता सुधार संवादाता फिरोजाबाद

प्रदेश में वर्तमान में बेमौसम सब्जियों की उपलब्धता बाजारों में हो रही है। इसका कारण है कि सब्जियों को बाँछित तापमान व आवश्यक मौसम देते हुए पॉली हाउस में सब्जियों की फसल बोकर उत्पादन किया जा रहा है। पॉली हाउस एक विशिष्ट आकार की संरचना होती है, जिसको 200-400 माइक्रॉन मोटाई वाली पराबैगनी किरणों से अवरोधी, सफेद रंग की पारदर्शी प्लास्टिक चादर से ढका जाता है। पॉलीहाउस का आकार इतना बड़ा बनाया जाता है कि इसमें आसानी से अंदर जाकर परिकर्षण क्रियायें की जा सकें। पॉलीहाउस का निर्माण जी.आई.पाइप, बांस एवं लकडी की सहायता से किया जाता है। जीआई पाइप द्वारा बनाया गया पॉलीहाउस 20-25 वर्ष तक टिकाऊ होता है, जबकि बांस व लकड़ी से बना पॉलीहाउस 3-4 वर्ष तक ही टिकाऊ रह सकता है। पॉलीथीन 2-3 वर्ष तक काम में लाई जा सकती है। इस प्रकार के पॉलीथीन में पारदर्शिता इतनी होती है कि लगभग 70-80 प्रतिशत सूर्य का प्रकाश मौसम के हिसाब से छनकर फसलों को मिलता है। प्रदेश में उन्नतशील कृषकों द्वारा पॉलीहाउस बनाकर खेती की जा रही है। पॉलीहाउस का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्य से किया जाता है क्योंकि यह तकनीकी सामान्य खेती की अपेक्षा थोड़ी महंगी है। सब्जियों व फूलों की खेती में पॉलीहाउस की बड़ी महत्वपूर्ण उपयोगिता है। विपरीत दशाओं (बेमौसम) में सब्जियों व फूलों की खेती करना, फसलों को आवश्यक एवं संरक्षित वातावरण प्रदान करना, फसलों में लगने वाले कीड़े-मकोड़ों व रोगों से सुरक्षा, नर्सरी उगाने के लिये सर्वोत्तम, प्रति इकाई क्षेत्र में उपज वृद्धि व जातियों का विकास एवं शुद्ध संकर बीज उत्पादन, फसल समय में परिवर्तन करना, अच्छे गुणवत्तायुक्त उत्पाद, कृषि फसल परीक्षण महत्वपूर्ण वरदान, शहरी एवं सीमांत किसानों के लिए यह विधि लाभकारी होती है।

पॉलीहाउस की कुछ सीमायें भी हैं जैसे पॉलीहाउस बनवाने में किसानों को पहले पूंजी ज्यादा लगानी पड़ती है, यह केवल व्यावसायिक एवं बागवानी फसलों की दृष्टि से ही उपयोगी है अन्य फसलों को उगाने के लिए पॉलीहाउस विधि का उपयोग नहीं किया जा सकता। पॉलीहाउस में फूलों की व्यावसायिक खेती करके किसान अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेश में सब्जियों एवं फूलों का कम उत्पादकता का मुख्य कारण खेती का खुले वातावरण में किया जाना तथा कृषकों द्वारा सब्जी उत्पादन में परम्परागत विधियों एवं तकनीकों का अपनाया जाना है। खुले वातावरण में अनेक प्रकार के जीवित व अजीवित कारकों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाया जाता है। फलस्वरूप उनकी उत्पादकता एवं गुणवत्ता प्रभावित होती है। जीवित कारकों में मुख्य रूप से विभिन्न प्रकार के रोग, अनेक प्रकार के कीड़े, विभिन्न प्रकार के भूजनित व वायुजनित कवक तथा जीवाणु प्रमुख है। ये जीवित कारक अधिकतर वषार्कालीन मौसम में उगाई जाने वाली फसलों को अधिक नुकसान पहुंचाते है. जबकि अत्यधिक आर्द्रता विभिन्न प्रकार के कवक एवं जीवाणु जनित रोगों के प्रकोप में सहायक होती है। इसी प्रकार प्रकाश की कमी से पौधों में प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया नहीं हो पाती है. जिसका प्रभाव पौधों की वृद्धि, विकास, उपज एवं गुणवत्ता पर पड़ता है। पॉलीहाउस खेती का मुख्य उदेश्य फसलों को जीवित या अजीवित कारकों से बचाकर प्रतिकूल वातावरण व प्रतिकूल परिस्थितियों में भी गुणवत्तायुक्त अधिक उत्पादन प्राप्त करना है।

## फिरोजाबाद में विवाहिता ने ससुराल में लगाई फांसी:दूसरी मंजिल पर कमरे में लटका मिला शव, 8 महीने पहले हुई थी शादी

फिरोजाबाद । थाना लाइनपार क्षेत्र के गांव दतौजी में एक विवाहिता ने ससुराल में दूसरी मंजिल पर बने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉ 8 महीने पहले हुई थी शादी आगरा के फतेहाबाद क्षेत्र के नगरिया निवासी 23 वर्षीय काजल की शादी आठ महीने पहले मोनू के साथ हुई थी। मायका पक्ष का कहना है कि उन्हें सुबह छह बजे घटना की सूचना दी गई। जब वे ससुराल पहुंचे तो काजल का शव दूसरी मंजिल पर फंदे से लटका हुआ था। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है। रात में ससुराल वाले सोते रहे, ऊपर फांसी लगा ली मिली जानकारी के अनुसार, घटना रात के समय की है, जब पति मोनू और परिवार के अन्य सदस्य नीचे सो रहे थे। इसी दौरान काजल ऊपर के कमरे में गई और फांसी लगा ली। काजल के पति मोनू मजदूरी करता है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। अब तक नहीं मिली तहरीर थानाध्यक्ष लाइनपार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। अभी तक इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू की जाएगी। काजल की मौत को लेकर मायका पक्ष ने ससुराल वालों पर सवाल उठाए हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और तहरीर मिलने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मामला आत्महत्या का है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

## फिरोजाबाद जनपद के सिरसागंज में दबंगों का कहर, पुलिस जांच में जुटी

फिरोजाबाद : रिटायर फौजी भाई के साथ गांव में दबंग लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया पीड़ित ने थाने पहुंचकर द तेरी पुलिस ने मेडिकल परीक्षण को भेजा अस्पताल मामला उत्तर प्रदेश के जनपद फिरोजाबाद में प्रदेश में योगी सरकार लगातार गुंडे माफियाओं पर कार्रवाही करने की बात कहती है दबंगों के हौसले इधर बुलंद हैं वहीं गांव के ही दबंग लोगों ने रिटायर फौजी के भाई के साथ मारपीट कर दी घायल कर दिया थाना सिरसागंज क्षेत्र के ग्राम मदनपुर की यह पूरी घटना क्या कुछ कहना था उस घायल व्यक्ति का आप स्वयं सुनिए हमारे संवाददाता विवेक शर्मा व विजय भारती की इस खास रिपोर्ट [संगीत] में आपका नाम रामपाल सिंह पिताजी का नाम श्री हरि बाबू य आप क्या हुआ स हम खेत पर अपने खेत पर पानी लगा रहे थे ग्राम मदनपुर में तो कुछ लोग थे जिनका पहले से जो है विवाद चला आ रहा है तो उनका घर भी जो हम उनके घर के रास्ते से भी निकलते रहते हैं तो वो आए दिन कहीं भी पकड़ लेते हैं आज हम दोनों भाई खेत पर पानी लगा रहे थे तो वो तीन लोग एक साथ आए थे और एक लोग बाद में बाइक प आए थे जब झगड़ा शुरू हो गया तो वो चारों लोग फिर मिलकर के मार्केट चालू कर दी फिर उन्होंने फावड़ा लेकर दोनों के सर में फावड़े मार दिए एक एक का नाम विवेक है एक का नाम संदीप है दोन दोनों ने मिलकर के भाड़ा मारा और विवेक चचेरे भाई एक ही परिवार के मेरे भाई देवेंद्र सिंह ल हु और मैं रामपाल सिंह य सर कितने लोग थे चार लोग थे तीन लोग शरू मेंही आ गए थे एक थोड़ी देर में आ गए थे झगड़ा मारना पीटना शुरू होते ही आ ग आ आए थे वो बाइक प थे वो बाइक प भाग गए और तीन लोग पैदल भाग गए मारपीट के भाई के गंभीर चोट आई है यस भाई के गंभीर चोट है उनकी हालत नाजुक है अभी खून बह रहा है लगातार रिटाय आप आर्मी से हो हां मैं रिटायर्ड फौजी हूं क कई बार मैंने कंप्लेन भी कर चुका हूं कोई सुनवाई नहीं होती है जो भी सुनवाई होती है मुकदमा रफा दफा हो जाता है और ये जो पीट के तुरंत भाग लेते हैं हमारा आना जाना इनके घर के सामने से ही रहता है तो हमें डर लगा रहता है ये निकलने देंगे कि नहीं ।

